प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
8.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ऊना जिला के गगरेट में बांस प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने की संभावनाएं तलाशने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं ताकि ऊना के साथ कांगड़ा, बिलासपुर व हमीरपुर के किसानों को इसके बेहतर मूल्य प्रदान किए जा सके। शिमला में प्रदेश वन विकास निगम के निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने निगम की कार्यप्रणाली में आधुनिक तकनीक का समावेश और सभी टिंबर गोदामों में बेहतर निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य सरकार से मंडी ज़िले में आपदा प्रभावितों के पुर्नवास के लिए गंभीरता से कार्य करने के मांग की है। उन्होंने कहा कि आपदा के आठ दिन बीत जाने के बाद भी लोगों के लिए पीने का पानी और सड़कों की बहाली सरकार नहीं कर पाई है जो बेहद चिंताजनक है। राजीव बिंदल ने कहा कि मंडी जिला में बादल फटने की घटनाओं में लगभग एक हजार घर बर्बाद हुए हैं जिनमें से करीब 3 सौ घर पूरी तरह तबाह हुए हैं और जिले में 28 लोग अभी भी लापता हैं। उन्होंने कहा कि 2023 की आपदा में भी सरकार ने जमीन देने की बात कही थी वह आज तक प्रभावितों को नहीं मिली है। बिंदल ने राज्य सरकार से राहत व बचाव कार्य में तेज़ी लाने का आग्रह किया है।

सुरेश कश्यप

शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने मंडी जिला में भारी बारिश के कारण प्रभावित परिवारों के लिए 8 सौ कंबलों का वाहन आज सिरमौर से रवाना किया। इस अवसर पर कश्यप ने कहा कि भाजपा के सभी संगठन जिलाओं में लगातार प्रभावित परिवारों के लिए राशन व बर्तन किट बनाकर भेजी जा रही है। उन्होंने बताया कि भाजपा द्वारा अभी तक 5 हजार से अधिक राशन और एक हजार से अधिक बर्तन किट मंडी भेज दी गई हैं। कश्यप ने कहा कि भाजपा के सभी नेता निरंतर फील्ड में कार्य कर रहे हैं। सुरेश कश्यप ने कहा की भाजपा द्वारा लगातार टीमे बनाकर सभी प्रभावित क्षेत्रों में काम किया जा रहा है।

पेयजल

भारी बारिश के चलते पेयजल योजनाओं में गाद आने से शिमला शहर में पानी का संकट गहरा गया है। शिमला शहरी विधायक हरीश जनारथा ने पेयजल कंपनी के अधिकारियों से इस संबंध में बैठक कर मौजूदा स्थिति की समीक्षा की और ढली व पीटरहॉफ में बने दो बड़े पानी के टैंकों से पानी की सप्लाई शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब तक गिरि व गुम्मा परियोजना से पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो पाती तब तक इन टैंकों के माध्यम से शहरवासियों को पानी उपलब्ध करवाया जाएगा।

*जो मेन सोर्सिस थे उसमें जो गाद आई गाद के कारण यहां पर पंपिंग हो नहीं पाई और थोड़ा बिजली की प्राब्लम आई जितने भी हमारे टेंकस जो बन चुके है जैसे कि ढली है, समरहिल है, पीटरहाफ है तो इन टेंकस को कमीशन कर लेते हैं हमारे पास बफर स्टॉक रहना चाहिए ताकि इसमें पानी भर कर रखे यदि पानी आता भी नहीं है तो हमारे पास कुछेक एक एम एल डी बफर स्टॉक में रहेगी और हम एक दो या तीन दिन शिमला में सप्लाई दे सकेंगे।*

प्रतिभा सिंह

प्रदेश के 6 बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर आज शिमला में एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान प्रदेश में उनके योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह ने कहा कि वीरभद्र सिंह सभी के हृदय में बसते हैं और उन्होंने प्रदेश के हर क्षेत्र का एक समान विकास करवाया है। उन्होंने बताया कि शिमला के रिज मैदान पर वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण का 15 जुलाई को होने वाला कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता के चलते इस कार्यक्रम को आगे के लिए टाल दिया गया है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि मॉनसून ने हिमाचल प्रदेश में काफी कहर बरपाया है और मंडी ज़िला के विभिन्न क्षेत्रों में बहुत नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रभावितों की मदद करने में जुटी है।

*जो मेन सोर्सिस थे उसमें जो गाद आई गाद के कारण यहां पर पंपिंग हो नहीं पाई और थोड़ा बिजली की प्राब्लम आई जितने भी हमारे टेंकस जो बन चुके है जैसे कि ढली है, समरहिल है, पीटरहाफ है तो इन टेंकस को कमीशन कर लेते हैं हमारे पास बफर स्टॉक रहना चाहिए ताकि इसमें पानी भर कर रखे यदि पानी आता भी नहीं है तो हमारे पास कुछेक एक एम एल डी बफर स्टॉक में रहेगी और हम एक दो या तीन दिन शिमला में सप्लाई दे सकेंगे।*

मिंजर तैयारी

चंबा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला इस वर्ष 27 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित होगा। इस संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि मेले के शुभारंभ अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल जबकि समापन समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। उन्होंने कहा कि प्राचीन समृद्ध संस्कृति और लोगों के आपसी मेल को दर्शाते मिंजर मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम विभिन्न प्रदर्शनियां व खेलकूद प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

मणिमेहश यात्रा

चंबा जिला की पवित्र व धार्मिक मणिमहेश यात्रा के दृष्टिगत 15 से 30 जुलाई तक हड़सर से मणिमहेश डलझील तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य न केवल मार्ग की पवित्रता और प्राकृतिक सौंदर्य को पुर्नस्थापित करना है बल्कि सतत पर्यटन और प्रभावी कचरा प्रबंधन की आदतों को भी प्रोत्साहित करना है।

---